Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 01-03-2007
Participants : Deshmukh Shri Subhash Sureshchandra

Title: Need to complete the pending railway projects in Solapur Railway Division, Maharashtra and provide additional staff at un-manned railway crossings in the region.

श्री सुभाा सुरेशचंद्र देशमुख (शोलापुर)ः महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सोलापुर, जिसमें सोलापुर रेलवे डिवीजन, जो देश का सबसे पुराना रेलवे डिवीजन है, के अंतर्गत जेउर रेलवे स्टेशन और सोलापुर स्टेशन के पूना साइड के होम सिग्नल के पास फ्लाईओवर का निर्माण न किए जाने के कारण बड़ी कठिनाई हो रही है। इस डिवीजन के अंतर्गत लगभग 400 ऐसे रेलवे गेट हैं, जिन पर रेलवे का कोई कर्मचारी तैनात नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप आए दिन भयंकर रेल दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन रेलवे गेट पर कम से कम रात्रि में रेलवे कर्मचारी तैनात किए जाने की आवश्यकता है।

विगत काफी समय से सोलापुर-पूना-सोलापुर इंटरसिटी रेलगाड़ी को दोनों तरफ से एक साथ प्रारम्भ किए जाने और सोलापुर-नागपुर के बीच वाया हैदराबाद होते हुए एक एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलाए जाने तथा सोलापुर डिवीजन के अंतर्गत भिगवन से सोलापुर के बीच दोहरी रेल लाईन बनाए जाने एवं सोलापुर से पूना के बीच रेलवे विद्युतीकरण किए जाने की मांग की जा रही है, किंतु अभी तक इस बारे में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

देश में रेलवे के विभिन्न जोनों में विशोकर, सोलापुर जोन में रेल मार्ग के अनुपात में गेंगमेन की तैनाती नहीं की गई है और इन गेंगमेन को विशोकर रात्रि में ग्रामीण अंचलों में ड्यूटी पर आने जाने हेतु सुरक्षा एवं संचार संबंधी समुचित सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई जाती है, जिस कारण उनको आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इन कार्यों को वरीयता के आधार पर शीघ्र करावाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाने का कट करे।